**Online Panel discussion on NEP-2020 organised by ICFAI University, Jharkhand – Sept 15, 2020**

the pioneer

RANCHI I TUESDAY I SEPTEMBER 15. 2020

## ONLINE DISCUSSION ON NEP-2020

A Virtual Panel Discussion on New Education Policy-2020 was organised by ICFAI University, Jharkhand here on Monday. Dr. Gopal Pathak, Vice-Chancellor, Jharkhand University of Technology, Dr. Nitesh Raj, Dy Director, Higher, Technical Education & Skill Development, Govt. of Jharkhand and Mr. Pradeep Bhattacharyya, Vice-President, Dhanbad District Bar Association were the distinguished panelists. Besides the Registrar, faculty members, students and alumni of the University, academicians and researchers from IIM, Ahmedabad, IBS, Kolkata, ABMR Business school, Bengaluru also participated and expressed their views. The panel discussion was moderated by Prof O R S Rao , Vice-Chancellor of the ICFAI University.

# ईक्फाई विवि में एनईपी 2020 पर पैनल चर्चा



संवाददाता

**रांची :** इक्फाई विश्वविद्यालय की ओर से नयी शिक्षा नीति-2020 पर वर्चुअल पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। पैनल चर्चा में विवि के वीसी प्रो ओआरएस राव ने कहा कि नयी शिक्षा नीति एक नये युग की शुरुआत का बीज बोयेगी और 21 वीं सदी के भारत को नयी दिशा प्रदान करेगी। इस नयी शिक्षा नीति में शिक्षा को आवश्यक, 21वीं सदी के कौशल, सोच, रचनात्मकता, सहयोग, जिज्ञासा और संचार को एकीकृत किया गया है। इसमें एंगेज, एक्सप्लोर, एक्सपीरियंस, एक्सप्रेस और एक्सेल के न्यू एज लर्निंग पाथवे के जरिये टीचिंग-लर्निंग आधारित परिणामों की परिकल्पना करता है। शिक्षा विभाग के उप निदेशक डॉ नितेश राज ने कहा कि झारखंड सरकार 2021-22 शैक्षणिक वर्ष से सभी हितधारकों के साथ चर्चा के बाद नीति को लागू करने की योजना बना रही है। झारखंड प्रौद्योगिकी विवि के वीसी गोपाल पाठक ने कहा कि एनईपी-2020 ने पिछली नीतियों में अंतर को कम किया। अब यह शैक्षणिक संस्थानों और शिक्षकों पर निर्भर है कि वे इसे लागू करें ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। धनबाद जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य ने शिक्षक के महत्व और शिक्षकों की स्वायत्तता को बनाये रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रत में एनईपी-2020 नीति पर एक वाद-विवाद के विजेताओं क्रमशः स्वर्णेंदु शेखर दास (बीटेक), मानसी कुमारी (एलएलबी) और मेधा वर्मा (एमबीए) को पुरस्कार दिया गया।

रांची, मंगलवार
15.09.2020
प्रभात खबर

# शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ायेगी नयी शिक्षा नीति : डॉ पाठक

**रांची.** झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ गोपाल पाठक ने कहा है कि नयी शिक्षा नीति ने पिछली नीतियों में अंतर को कम किया है. यह नीति शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ानेवाली है. अब संस्थानों के शिक्षकों पर निर्भर है कि वे इसे लागू करें. डॉ पाठक सोमवार को इक्फाइ विवि द्वारा नयी शिक्षा नीति पर आयोजित ऑनलाइन पैनल चर्चा में बोल रहे थे. इक्फाइ विवि के कुलपति डॉ ओआरएस राव ने कहा कि नयी शिक्षा नीति एक नये युग की शुरुआत के लिए बीज बोयेगी. साथ ही 21वीं सदी के भारत को नयी दिशा प्रदान करेगी. उच्च शिक्षा उप निदेशक नीतेश राज ने कहा कि झारखंड सरकार 2021-22 शैक्षणिक वर्ष से सभी हितधारकों के साथ चर्चा के बाद नीति को लागू करने की योजना बना रही है. प्रदीप भट्टाचार्य ने शिक्षक के महत्व और शिक्षकों की स्वायत्तता को बनाये रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में स्वर्णेंदु शेखर दास को प्रथम, मानसी कुमारी को द्वितीय व मेधा वर्मा को तृतीय पुरस्कार मिला.

MYK
Morning India
www.sanmarglive.com
11 Ranchi, Wednesday
16 September 2020

# Online Panel discussion on NEP-2020 organised by ICFAI University, Jharkhand

## All Stakeholders, State Government, Educators, Teachers, Students and Alumni express their views

Today, Virtual Panel Discussion on New Education Policy-2020 was organised by ICFAI University, Jharkhand. Dr. Gopal Pathak, Vice-Chancellor, Jharkhand University of Technology, Dr. Nitesh Raj, Dy Director, Higher, Technical Education & Skill Development, Govt. of Jharkhand and Mr. Pradeep Bhattacharyya, Vice-President, Dhanbad District Bar Association were the distinguished panelists. Besides Registrar, faculty members, students and alumni of the University, academicians and researchers from IIM, Ahmedabad, IBS, Kolkata, ABMR Business school, Bengaluru also participated and expressed their views.

The panel discussion was moderated by Prof O R S Rao , Vice-Chancellor of the ICFAI University.

Welcoming the guests to the panel discussion, Prof O R S Rao, referring to the recent address by our Honourable Prime Minster said, "The New Education policy will sow the seeds for starting a new era and give new direction to 21st century India, by providing an India-centric education system. It integrates Education to the essential 21st century skills - critical thinking, creativity, collaboration, curiosity and communication. It envisages Outcomes based Teaching-Learning thru the New Age Learning Pathway of Engage, Explore, Experience, pare ourselves to implement the policy from next academic year", added Prof Rao.

Highlighting the salient points of the policy, Dr Nitesh Raj said, "Govt of Jharkhand plans to implement the policy from 2021-22 academic year, after discussion with all the stakeholders".

Complimenting the Govt of India on the policy, Dr. Gopal Pathak said, "NEP-2020 bridged the gaps in the previous policies. Now, it is upto the Academic Leaders and teachers to implement it so as to improve quality of education". Mr. Pradeep Bhattacharyya highlighted the importance of the Teacher and the need to retain autonomy of the Teachers. Besides a lot of advantages, participants also expressed likely challenges in implementation of the policy so that students get the expected benefits out of it.

A debate competition on NEP-2020 policy was conducted. Mr Swarnendu Sekhar Das(B.Tech-III), Ms Manshi Kumari(LLB) and Ms Medha Verma(MBA-III) were awarded 1st, 2nd and 3rd prizes respectively.

Ms Tannu Priya (MBA-II) anchored the event. Prof Arvind Kumar, Registrar proposed vote of thanks.


About the ICFAI University Jharkhand: The ICFAI University, Jharkhand (IUJ) belongs to the ICFAI University Group (IUG), which pioneered Professional Education in India. More details

4
दैनिक जागरण, Ranchi, 15 September 2020
iNEXT CITY FOCUS/CHAI-TIME

# नए भारत को नई दिशा देगी नई शिक्षा नीति

ranchi@inext.co.in

**RANCHI ( 14 Sept ) :** इक्फाई यूनिवर्सिटी झारखंड की ओर से एनईपी 2020 पर ऑनलाइन पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें सभी राज्य सरकार, शिक्षकों, छात्रों और पूर्व छात्रों ने अपने विचार व्यक्त किए. यूनिवर्सिटी द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 पर वर्चुअल पैनल चर्चा भी कराई गई. इसमें डॉ गोपाल पाठक, कुलपति, झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, डॉ नितेश राज, उप निदेशक, उच्चतर, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास, झारखंड सरकार, प्रदीप भट्टाचार्य, उपाध्यक्ष, धनबाद जिला बार एसोसिएशन से प्रतिष्ठित पैनलिस्ट थे. इसके अलावा रजिस्ट्रार, संकाय सदस्यों, वर्तमान व पूर्व छात्रों के अलावा, आईआईएम अहमदाबाद, आईबीएस कोलकाता, एबीएमझार बिजनेस स्कूल, बेंगलुरु के शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने भी भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए. पैनल चर्चा को इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शो आरएस राव द्वारा संचालित किया गया. पैनल चर्चा में, प्रो ओआरएस राव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधान मंत्री द्वारा हाल के संबोधन का उल्लेख करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति एक नए युग की शुरुआत का बीज बोएगी और 21वीं सदी के भारत को नई दिशा देगी.



एनईपी 2020 पर ऑनलाइन पैनल चर्चा आयोजित की गई

21वीं सदी के भारत को नई दिशा देगी.

आवश्यक सूचना
classifieds
Astrology

दैनिक भास्कर
रांची, मंगलवार 15 सितंबर, 2020 | 07

# इक्फाई विवि: वीसी बोले-21वीं सदी के भारत को नई दिशा देगी शिक्षा नीति

रांची | इक्फाई यूनिवर्सिटी में सोमवार को नई शिक्षा नीति पर पैनल डिस्कशन हुआ। वीसी प्रो. ओआरएस राव ने कहा-नई शिक्षा नीति नए युग की शुरुआत है। यह 21वीं सदी के भारत को नई दिशा देगी। टेक्निकल विवि के वीसी डॉ. गोपाल पाठक ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 पिछली नीतियों के अंतर को कम किया है। उच्च शिक्षा विभाग के नितेष राज, प्रदीप भट्टाचार्य समेत अन्य ने विचार रखे।